दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
मॉडल अभ्यास कार्य पत्र
सत्र 2018–19

कक्षाः छठी   विषयः–हिंदी

खंड–क

प्र०1 प्रस्तुत गद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

सर्वप्रथम समाचार–पत्र का प्रारंभ सत्रहवी शताब्दी में यूरोप में हुआ था। धीरे–धीरे अरब और मिस्र आदि देशों में इसका प्रसार बढ़ने लगा । अंग्रेजों के शासन काल में सन 1936 ई० में भारत में सर्वप्रथम 'बंगाल गजट' नामक पत्र प्रकाशित हुआ। हिंदी में सर्वप्रथम 'उद्दंड मार्तंड नामक पत्र कोलकता से प्रकाशित हुआ। राजा मोहन राय ने 'कौमुदी' और ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने 'प्रभाकर' पत्र निकाला। इस प्रकार समाचार–पत्र का दिन दूना , रात चौगुना विकास होता चला गया। समाचार–पत्र कई प्रकार के होते है– दैनिक , पाक्षिक , साप्ताहिक, मासिक आदि।

1. सबसे पहले समाचार–पत्र का आरभं कब और कहाँ हुआ था?
2. भारत में सर्वप्रथम कौन–सा पत्र प्रकाशित हुआ?
2. 'प्रभाकर' पत्र किसने निकाला था?
4. समाचार–पत्र कितने प्रकार के होते है? किन्हीं दो के नाम लिखे।
5. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखे।

प्र०2 प्रस्तुत काव्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

हिंदी उर्दू बंगाली तमिल तेलुगू भाई
भाषाओ के नाम पर करते रहो लडाई ।
करते रहो लडाई इधर मलयालम रूठी
कन्नड कोंकणाी कश्मीरी काहे छूटी ।।
मराठी पंजाबी तेलुगू आसामी उडिया
सबको अपना हिंद लगे जादू की पुडिया
एकता का सूत्र तो एक ही है सरकार
हर प्रदेश मे झूल रहा मिस्टर भ्रष्टाचार ।।

क राज्यो में किस विषय को लेकर लडाई होती रहती है ?
ख 'हिंद' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है ?
ग. 'जादू की पुड़िया' किसे कहा गया है ?
घ. प्रत्येक प्रदेशों में क्या फैला है ?
ङ. काव्यांश के लिए उपर्युक्त शीर्षक लिखें।

खंड–ख

प्र०3. निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट करें।

क. अपने कर से खिला धुला मुख
धूल पोंछ सज्जित कर गात
थमा खिलौने, नही सुनाती
हमे सुखद परियों की बात

ख. रानी रोई रनिवासों में, बेगम गम से थीं बेजार,
उनके गहने–कपडे बिकते थे कलकत्ते के बाज़ार

ग. हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन रात

प्र०4. निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. लोकगीत का क्या अर्थ है?
ख. सबने किसकी कीमत पहचानी थी?
ग. पाठ 'वन के मार्ग में' किसकी आँखों से आँसू बहने लगे?
घ. कितनी आयु के बाँस को बूढ़ा बाँस कहा गया है?
ड. लेखक ने प्रकृति के अक्षर किन्हे कहा है?

प्र०5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. गांधी जी ने कॉलेज के छात्रों से क्या काम करवाया और क्यों?
ख. आदिमानव पत्थरों का प्रयोग किन–किन कार्यो के लिए करता था?
ग. खपच्चियाँ बनाने के लिए किस पुकार के बाँसों की जरूरत होती है?
घ. प्रकृति का जादू किसे कहा गया और क्यों।

प्र०6. मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर लिखिए

क. बच्ची माँ के अपनत्व और समीपता को किस–किस प्रकार से पाना चाहती है।

प्र०7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिएः–

क. असमान	घ. बैरिस्टरी
ख. रोचक	ड. चंद्रोदय
ग. भाल	च. दिव्य

प्र०8 निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाएँ– करतब , धीर , लोकप्रिय हाल

प्र०9 निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क. सुग्रीव बाली से क्यों डरता था?
ख. तुलसी का पौधा हनुमान जी ने किसके यहाँ देखा और क्या कहा?
ग. शबरी कौन थी? उसने राम जी को कौन–सा फल खाने को दिया?
घ. बाली और सुग्रीव में क्या संबंध था?

ड. सीता ने राम के लिए क्या भेजा?

च. मेघनाद किस देवी की आराधना करने गया था?

खंड–ग

प्र०10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें:–

क. सर्वनाम किसे कहते है? इसके कितने भेद है? नाम लिखिए।

ख. परिमाणवाचक विशेषण और संख्यावाचक विशेषण में अंतर स्पष्ट करे।

ग. संज्ञा किसे कहते है? इसके कितने भेद है? नाम लिखिए।

प्र०11 निम्नलिखित अति लघु प्रश्नों के उत्तर लिखें:–

क. विराम का क्या अर्थ है?

ख. भूत काल के कितने भेद है?

ग. विशेषण की कितनी अवस्थाएँ है?

प्र०12. निर्देशानुसार उत्तर दिजिए:–

क. वस्त्र, शत्रु, सर्प (पर्यायवाची शब्द लिखे)

ख. सार्थक, सुगम, स्फूर्ति, सुपुत्र (विलोम शब्द लिखे)

ग. जो गुप्त रखा गया हो (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)
इतिहास से संबंधित

घ. पद, प्रकृति, श्री, तीर (अनेकार्थक शब्द लिखे)

ड. लौटा, लोटा (श्रुतिसम भिन्नार्थक)
वक्ष, वृक्ष

च. नाक रगड़ना (मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य लिखे)
दाँतों तले उँगली दबाना
हाथ बढ़ाना

छ. कृपा, कोयल, ग्रह, बच्चा (वर्ण–विच्छेद करे)

ज. लम्बोदर, विद्‌यालय, पेड, राजमहल (रूढ़, यौगिक, योगरूढ अलग करे)

झ. दो लीटर दूध दे दो (विशेषण का भेद लिखें)
बूढ़ा आदमी घूम रहा है

ञ. पार्थ पढ़ रहा है। (भूतकाल में परिवर्तित करे)
नानी जी कल आएँगी।

ट. हाँ मैं आपकी मदद करूँगा। (विराम–चिह्न का प्रयोग करे)
है प्रभु मेरी रक्षा करो

खंड–घ

प्र०13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (60–70) शब्दों में अनुच्छेद लिखें

क. दशहरा

- भारत के अनेक त्योहार
- दशहरा मनाने का कारण

- बुराई पर अच्छाई की जीत

ख. चिडिया घर की सैर

- चिडियाघर के नियम
- अनेक प्रकार के पशु–पक्षी
- आनंद–उत्पन्न होना

प्र०14 किसी एक विषय पर पत्र लिखें:–

- क. पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकों की कमी होने पर प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखें।
- ख. समय के महत्त्व के बारे में जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र०15 वाशिंग पाउडर के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए जिसमे एक साबुन की टीकिया मुफ़्त हो।
प्र०16 आम्र जूस पर एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करे।
प्र०17 परीक्षा की तैयारी को लेकर दो मित्रों में संवाद दस पंक्तियों में लिखें ।
प्र०18 निम्नलिखित चित्र का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए (60–70)